सिद्धार्थनगर पुलिस

प्रेस-नोट दिनांक 05-06-2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "विश्व पर्यावरण दिवस" के अवसर पर पुलिस लाइन्स परिसर सिद्धार्थनगर में पुलिस परिवार के बच्चों के साथ किया गया वृक्षारोपड़।

◆इस अवसर पर आयोजित की जाने वाली कार्यशाला में, पुलिस परिवार और पुलिस परिवार के बच्चों को पर्यावरण संरक्षण करने हेतु प्रेरित किया गया।

पर्यावरण को सुरक्षा प्रदान करने का संकल्प लेने के उद्देश्य से ही हर वर्ष "विश्व पर्यावरण दिवस" मनाया जाता है। जिसके अवसर पर आज दिनांक **05-06-2024** को सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा वामा सारथी, उत्तर प्रदेश पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुलिस परिवार के बच्चों के साथ पुलिस लाइन परिसर सिद्धार्थनगर में छायादार व फलदार पौधों को रोपित किया गया । साथ ही सूजीत राय क्षेत्राधिकारी सदर व बी0एन0 गुप्ता प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर द्वारा भी पुलिसकर्मियों व उनके बच्चों के साथ पौधरोपड़ किया गया। महोदय द्वारा समस्त प्राणी जगत के जीवन में वृक्षो के महत्व के बारे में संदेश देते हुए समस्त पुलिस कर्मचारियों के साथ आम जनमानस को अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण को संरक्षित कर संपूर्ण विश्व को सुरक्षित बनाए रखने लिए प्रेरित किया गया।

प्रेस नोट दिनांक 05.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।

आज दिनांक 05.06.2024 को पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह द्वारा जनसुनवाई कर शिकायतकर्ता की समस्या को सुनकर संबंधित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को गूगल मीट के माध्यम से तत्काल गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 13 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 04 भूमि विवाद, 02 मारपीट व 07 अन्य से संबंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

प्रेस नोट दिनांक 05.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆थाना कठेला समयमाता पुलिस द्वारा 01 नफर वारंटी को किया गया गिरफ्तार।

सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर श्री सिद्धार्थ के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ श्री दरवेश कुमार के कुशल पर्यवेक्षण मे एवं संतोष कुमार सिंह थानाध्यक्ष कठेला समयमाता के नेतृत्व में आज दिनांक 05.06.2024 को माननीय न्यायालय से प्राप्त वारण्ट पर वाद संख्या- 1322/18 धारा- 323,504,506 भा0द0वि0 सरकार बनाम रामविलास से सम्बन्धित 01 नफर वारंटी को थाना कठेला समयमाता पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

गिरफ्तार वारंटी का विवरण-

01.रामविलास पुत्र चिन्नी निवासी कठेला जनूबी टोला उचडिहवा थाना कठेला समयमाता जनपद सिद्धार्थनगर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

01.उ0नि0 अनिल कुमार थाना कठेला समयमाता जनपद सिद्धार्थनगर।

02.का0 संजय चौहान थाना कठेला समयमाता जनपद सिद्धार्थनगर।

प्रेस नोट दिनांक 05.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

- ◆ नाबालिक के साथ बलात्कार का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे।
- ◆ थाना डुमरियागंज पुलिस को मिली बड़ी सफलता।
- ◆ गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में "अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान" के अन्तर्गत सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में, श्री अखिलेश वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के निकट पर्यवेक्षण में व मुकेश कुमार राय प्रभारी निरीक्षक थाना डुमरियागंज के नेतृत्व में थाना डुमरियागंज पुलिस द्वारा आज दिनांक 05.06.2024 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 91/2024 धारा 376AB,506,452 भा0द0वि0 व 5M/6 पॉक्सो एक्ट व 3(2)5 Sc/St एक्ट से संबंधित 01 नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

01.आरिफ उर्फ राजू पुत्र मोहम्मद सलीम साकिन वार्ड नंबर 15 कस्बा व थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

01. प्र0नि0 श्री मुकेश कुमार राय थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थ नगर।
02. का0 राहुल यादव, देवेंद्र गुप्ता, शैलेश कुमार थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थ नगर।

प्रेस नोट दिनांक 05.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दृष्टिगत शांति व्यवस्था हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर रुट मार्च/पैदल गश्त कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में आज दिनांक **05-06-2024** को जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दृष्टिगत शांति व्यवस्था अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस-पास रुट मार्च/पैदल गश्त कर आम-जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया। आपस में सौहार्द बनाये रखने व अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी खबर की प्रमाणिकता जाने बिना शेयर न करने हेतु अपील किया गया।